Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा- तीसरी
विषय- हिन्दी सुलेख

शिक्षिका- श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक - सरल हिन्दी सुलेख भाग-3

प्यारे बच्चो !

आप अपनी पुस्तक 'सरल हिन्दी सुलेख' में बताए निर्देशानुसार ही अभ्यास कर रहे होंगे। छात्रों की लिखाई तभी सुन्दर हो पाएगी यदि आप इसका निरंतर अभ्यास करेंगे। सुलेख लिखते समय अक्षरों की बनावट और निश्चित दूरी को बनाए रखना आवश्यक है। अकसर विद्यार्थी लिखने से कतराते हैं या आलस और थकावट महसूस करते हैं जिस कारण उनकी लिखाई बिगड़ जाती है। लिखाई को सुधारने के लिए लिखने की आदत बनाना विद्यार्थी के लिए बहुत ज़रूरी है। लिखते समय छात्र वर्णमाला के अक्षरों की उचित बनावट पर ध्यान दें। जो अक्षर आप गलत लिख रहे हैं, उन्हें देखकर सही आकार में बनाने का अभ्यास करें।

अध्यापिका द्वारा आपको सरल हिन्दी सुलेख में अभ्यास करने के साथ-साथ अलग से एक उत्तर-पुस्तिका में भी अभ्यास करने के लिए दिया गया है। पिछले कार्य में 'ऊ' वर्ण का अभ्यास तथा 'ऊ' वर्ण से बने चार शब्द अभ्यास में करने के लिए दिए गए थे। इस सप्ताह सभी विद्यार्थी गृहकार्य के साथ 'ऋ' वर्ण

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी सुलेख

दिनांक - 10 जुलाई, 2023
शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

का अभ्यास करेंगे एवं 'ऋ' वर्ण से बने केवल चार शब्दों का भी अभ्यास करेंगे। सभी विद्यार्थी सुलेख का अभ्यास बोल - बोल कर ही करेंगे।

ऋ

1. ऋषि
2. ऋतु
3. ऋषभ
4. ऋण

सभी विद्यार्थी इस प्रकार के अभ्यास से अपनी लिखाई में सुधार कर सकते हैं। अभ्यास करते समय अक्षरों की बनावट का विशेष रूप से ध्यान रखना ज़रूरी है।

## गृहकार्य

सभी छात्र पृष्ठ संख्या 11 को 'सरल हिन्दी सुलेख' की पुस्तक पर लिखने का अभ्यास करेंगे। सुलेख लिखते समय अध्यापिका द्वारा बताई बातों को भी ध्यान में रखेंगे।

धन्यवाद।

आओ हम सब एक-एक वृक्ष लगाएँ।

आओ हम सब एक-एक वृक्ष लगाएँ।

वृक्षों का महत्व मानव के लिए उपयोगी है।

वृक्षों का महत्व मानव के लिए उपयोगी है।